Pradesh, Maharashtra, Orissa, Punjab, Rajasthan, Tamil Nadu, Uttar Pradesh and West Bengal.

(d) To ensure the utilisation of the World Bank assistance provided to the States for the rural electrification programme, monitoring is done by Rural Electrification Corporation regularly and by the World Bank from time to time.

बिजली की दरें

2638. **श्री शरद यादव** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और बिहार में क्रमश: बड़े उद्योगों और किसानों को बिजली प्रति यूनिट किस दर पर दी जा रही है, और

(ख) उत्तर प्रदेश में बिजली की आपूर्ति मांग के हिसाब से कब तक पूर्ण होने की संभावना है और इसके लिए क्या दीर्घकालीन योजनाएं विचाराधीन हैं?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) 1/4/1984, 1/4/85 और 1/4/1986 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और बिहार में बृहत उद्योग और कृषि उपभोक्ता के लिए बिजली की प्रति यूनिट अनुमानित औसत दरें संलग्न विवरण में दी गई हैं। (नीचे देखिए)

(ख) उत्तर प्रदेश में सातवीं योजना के अन्त तक विद्युत की स्थिति में काफी सुधार होने की आशा है। सातवीं योजनावधि के दौरान मनेरी-दो, अनपारा "क", टांडा और ऊंचाहार जल विद्युत परियोजनाओं से 1794 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता जोड़े जाने की परिकल्पना की गई है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश को उत्तरी क्षेत्र में केन्द्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं से भी अपना हिस्सा प्राप्त होगा। विद्युत की स्थिति में सुधार करने के लिए अनेक अन्य उपाय भी किए जा रहे हैं। इन उपायों में वर्तमान ताप विद्युत केन्द्रों की क्षमता समुपयोजन में सुधार करना, पारेषण और वितरण हानियों को कम करना तथा मांग प्रबंध और ऊर्जा संरक्षण संबंधी उपायों का क्रियान्वित करना शामिल है।

विवरण

(अनुमानित औसत दरें पैसे प्रति यूनिट में)
(1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं०	राज्य बिजली बोर्ड का नाम	1984	1985	1986
	बृहत उद्योग 1000 किलो वाट 50 प्रतिशत भार अनुपात (365000 किलोवाट आवर/मास)			
1	उत्तर प्रदेश	70.75	74.07	97.37
2	मध्य प्रदेश	66.27	66.27	94.12
3	राजस्थान	63.00	63.00	85.00
4	महाराष्ट्र			
	बम्बई और पूना	76.20	86.45	107.33
	अन्य क्षेत्र	62.55	72.80	94.10
5	बिहार	86.10	86.10	97.28
	कृषि 5 अश्व शक्ति 10 प्रतिशत भार अनुपात (272 किलोवाट आवर /मास)			
1	उत्तर प्रदेश	41.36	41.36	41.36
2	मध्य प्रदेश	16.00	16.00	16.00
3	राजस्थान	22.00	22.00	31.00
4	महाराष्ट्र	22.98	22.98	15.31
5	बिहार	36.00	36.00	36.00